जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांकःजीवि/परीक्षा–2/गोप./2013/983 दिनांक : 22.04.2013

// अधिसूचना //

विश्वविद्यालय की पूर्व अधिसूचना क्रमांकःजीविवि/परीक्षा–2/गोप0/2013/849 दिनांक 18.03.2013 द्वारा खेल प्रतियोगिताओं एवं एन0सी0सी0 तथा एन0एस0एस0 एवं युवा महोत्सव की गतिविधियों में भाग लेने के कारण परीक्षा से वंचित स्नातक बी0ए0/बी0एस0सी0 /बी0कॉम0/बी0एस0सी0 होम साइंस प्रथम/तृतीय/पंचम सेमेस्टर की विशेष परीक्षायें कराने का निर्णय लिया था।

शासन के निर्देशानुसार स्नातक द्वितीय/चतुर्थ/षष्ठम सेमेस्टर अप्रेल/मई 2013 की परीक्षायें दिनांक 26 अप्रेल 2013 से प्रारंभ की जाना है। **अतः विशेष परीक्षा हेतु समयाभाव एवं छात्र की परीक्षा की तैयारियों को ध्यान में रखते हुये छात्र हित में विश्वविद्यालय द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि जो छात्र उक्त गतिविधियों के कारण प्रथम/तृतीय/पंचम सेमेस्टर की परीक्षा से वंचित हुये है उन्हें विशेष अनुमति प्रदान कर अण्डर टेकिंग के आधार पर स्नातक द्वितीय,चतुर्थ,षष्ठम सेमेस्टर अप्रेल/मई 2013 की परीक्षा में सम्मिलित कराया जाये। तथा स्नातक प्रथम/तृतीय/पंचम सेमेस्टर की छुटी हुई परीक्षायें विश्वविद्यालय द्वारा बाद में आयोजित कराई जायेगी**

सभी सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यगणों से अनुरोध है कि वह ऐसे छात्रों के परीक्षा आवेदन पत्र विश्वविद्यालय की बेवसाईट के माध्यम से (New Exam Form) Option में जाकर ऑनलाईन प्राप्त करें। और उन्हें विशेष अनुमति हेतु विश्वविद्यालय को अग्रेषित करें। जिससे ऐसे सभी छात्रगण आगामी स्नातक द्वितीय/चतुर्थ/षष्ठम सेमेस्टर परीक्षा अप्रेल/मई 2013 में सम्मिलित हो सके।

C.Shinde

परीक्षा नियंत्रक